हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 27 सितम्बर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओडिशा के झारसुगुड़ा से भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल की 4जी मोबाइल सेवाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा भी 'आत्मनिर्भर भारत पहल' के अंतर्गत स्वदेशी 4जी मोबाइल नेटवर्क के इस शुभारंभ का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री देश को स्वदेशी तकनीक से लगभग 37,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 97,500 से अधिक मोबाइल 4 जी टावर लोकार्पित कर रहे हैं। इनमें बीएसएनएल द्वारा स्थापित 92,600 से अधिक 4G तकनीक वाली मोबाइल साइट शामिल हैं। चंडीगढ़ में पंजाब परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक ए.रॉबर्ट.जे. रवि ने बताया कि भारत विश्व का पाँचवाँ देश बन गया है जिसने पूर्णतः स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी स्टैक का विकास किया है।

*************************************************************

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के बाढ और वर्षा प्रभावित किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लगभग 27 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में यह राशि भेजी गई है।

1. बाइट: शिवराज सिंह चौहान

*तीन प्रांत पंजाब, उत्तराखंड और हिमांचल प्रदेश के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं जो किश्त है। वो हम पहले जारी कर रहे हैं ताकि बाढ़ के संकट से उनको निपटने में मदद मिले। मैं तीनों प्रदेश के 27 लाख से अधिक लाभार्थी किसानों को पांच सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित करने की घोषणा करता हूँ।*

*************************************************************

नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से किसानों को बड़ा लाभ हुआ है। ट्रैक्टर और कृषि उपकरण पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% कर दी गई है। इससे ट्रैक्टर 30 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक सस्ते हो गए हैं। कुरुक्षेत्र में एक ट्रैक्टर एजेंसी मालिक इकबाल सिंह ने बताया कि इस बार ट्रैक्टर की पिछले साल की तुलना में डेढ़ गुना ज्यादा बिक्री हो रही है। ट्रैक्टर खरीदने आए किसान विरेन्द्र सिंह ने बताया-

ट्रैक्टर देखने आए कुरुक्षेत्र के उमरी गांव के किसान भीम सिंह ने बताया –

*************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य जांच शिविरों, रक्तदान शिविरों एवं अन्य कार्यक्रमों का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं। श्री विज अंबाला छावनी में जाटव धर्मशाला मोची मंडल में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर में एक्सरे, ईसीजी व हर तरह के टेस्ट हो रहे हैं। मरीजों को दवाएं भी दी जा रही है। गंभीर मरीजों को नागरिक अस्पताल भेजा जा रहा है। श्री विज ने बताया कि रक्तदान शिविरों में 75-75 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया था, मगर शिविरों में ज्यादा लोग आ रहे हैं और रक्तदान को लेकर लोगों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

*************************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा और केन्द्रीय टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आज सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर मुठभेड़ के दौरान चार आरोपियों को काबू किया। मुठभेड़ के दौरान वांछित बदमाश कमल भड़ाना और शशिकांत पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पहली मुठभेड़ सुबह करीब 4 बजे पाली-सूरजकुंड मार्ग पर हुई, जहां बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में शशिकांत को गोली लगी और दो आरोपियों को पकड़ लिया गया इनकी सूचना पर पुलिस ने पाली-भांकरी मार्ग पर बदमाशों को घेरा यहां भी बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में कमल भड़ाना के पैर में गोली लगी। मुकाबले के बाद मुख्य आरोपी कमल भड़ाना और एक अन्य को काबू कर लिया गया। कमल भड़ाना कई मामलों में फरार चल रहा था।

*************************************************************

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जींद में, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान बारे गांव-गांव में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष मोबाइल वैन रवाना की गई। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने इस अवसर पर कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा, सुरक्षा और अवसर देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम बेटियों को सही दिशा और पंख देंगे, तो वे निश्चित ही आसमान छूकर हमारे समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात सुधारना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बेटियों को समान अवसर उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला ने बताया कि यह मोबाइल वैन प्रतिदिन कम लिंगानुपात वाले विभिन्न गाँवों में जाएगी और वहाँ पर लोगों को जागरूक करेगी।

*********************************************************